# रामनवमीं पर निकली शोभायात्रा में सर्व समाज ने दिखाया उत्साह

## हिंदू पर्व समन्वय समिति का संयुक्त प्रयास, सभी समाजों ने दर्ज कराई उपस्थिति







**नवभारत न्यूज**

**सतना, 27 मार्च. हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित श्री रामनवमी शोभायात्रा ने सामाजिक समरसता की एक मिसाल कायम की , जब नगर के सभी सामाजिक संगठन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, अनेक जाति-बिरादरी संगठन के पदाधिकारी, सदस्य, मातृशक्ति,युवा शक्ति, किन्नर समाज, बच्चे एक साथ जय श्रीराम की जयकारा लगाते हुए नगर के मुख्य मार्ग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के दिव्य रथ के साथ नाचते गाते निकले।**

मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों ने दिल खोलकर सभी का स्वागत किया एवं पुष्प वर्षा के साथ मिष्ठान, पू?ी ,सब्जी, चावल, खीर, कोल्ड ड्रिंक,बिस्कुट,शरबत ,शिकंजी, फल,लस्सी के साथ पूरी प्रसन्नता के साथ सभी को गले लगाया। इसके पूर्व दोपहर को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव श्री रामनवमी पर्व पर नगर के सभी मंदिरों में ठीक 12 बजे रामभक्तो एवं संत-महात्माओं की उपस्थिति में भए प्रगट कृपाला दीन दयाला की मंगलमयी स्तुति कर लोगों ने खुशियां मनाई । सुभाष पार्क स्थित श्री राम दरबार मंदिर ,डालीबाबा स्थित श्री राम जानकी मंदिर, श्री बिहारी जी मंदिर, श्री तुलसी मानस मंदिर,वेंकटेश मंदिर, प्रणामी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, केशवदास मंदिर,जगतदेव तालाब स्थित राम जानकी मंदिर में रामायण पाठ, ढोल , बैंड, एवं आतिशबाजी के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म की खुशी में दर्शक झूम उठे। हिंदू पर्व समन्वय समिति के सदस्यों ने श्री राम दरबार मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की आरती की। इस अवसर पर सभी ने प्रभु श्री राम का पूजन किया। जन्मोत्सव रामनवमी पर्व पर शुक्रवार को पूरा शहर श्री रामजी की भक्ति में नजर आया। सुबह से मंदिरों में श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया और शाम 5 बजे जनकपुरी नानक गुरुद्वारा दरबार से प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन समिति के प्रचार प्रमुख अनुराग गोस्वामी ने बताया कि शाम 5 बजे संत समाज ने भगवान श्री राम की आरती उतारी। इस अवसर पर सोहावल बड़ा अखाड़ा से ऋतुराज जी के साथ 11 सदस्यीय बटुक दल ने वेद उच्चारण किया एवं शंख ध्वनि के साथ शोभायात्रा की शुरुआत हुई। गुरुद्वारा परिसर में विशाल मंच में प्रभु श्री राम की भव्य झांकी के साथ समस्त संत महात्माओं की पावन उपस्थित से सभी राम भक्त अपने आप को धन्य महसूस कर रहे थे। शोभायात्रा अपने पूर्व निर्धारित मार्ग से होते हुए सुभाष पार्क राम दरबार मंदिर पहुंची जहां भगवान श्री राम और अन्य सभी देव पुरुषों की आरती की गई। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। हनुमान चालीसा का पाठ तरुण ठक्कर ने किया। इसके पश्चात 1100 दीपकों के माध्यम से श्री राम जी की भव्य महाआरती की गई। साहू समाज के सौजन्य से प्रसाद वितरण के पश्चात शानदार आतिशबाजी हुई और कार्यक्रम का समापन हुआ । श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल के सौजन्य से निर्मित श्री राम जी के मनोहारी रथ में मंदिर श्री बिहारी जी से दिव्य जीवंत प्रभु श्रीराम के स्वरूप विराजमान हुए। श्रीरामजी का स्वागत संपूर्ण शोभा यात्रा मार्ग में पुष्प वर्षा ,आरती पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया। श्री रामनवमी जुलूस में संतों ने अग्रणी भूमिका निभाई। संतों के दर्शनार्थ एवं माल्यार्पण कर आशीर्वाद लेने भक्तों में होड़ लगी रही ।समिति सदस्य सुनील सेनानी कारा ने बताया कि शोभायात्रा में संत धरणीधर महाराज सोहावल अखाड़ा, श्री पीयूषदास महाराज डालीबाबा आश्रम, साध्वी निर्मला प्रणामी मंदिर, महंत बृजेंद्र कुमार दुबे, संत श्री पुरुषोत्तम दास , संत संतोख दास , संत समानामल जी, संत नारायण दास संत साजनदास जी, बाबा ईश्वरदास जी, आदित्य महाराज सहित विभिन्न आश्रमों से पधारे बटुक दल,विद्वत जन, अर्चक पुरोहित शामिल रहे। संत समाज की पावन उपस्थिति ने आयोजन को भक्ति भाव से परिपूर्ण कर दिया। आयोजन समिति सदस्य जितेंद्र जैन ने बताया कि मंदिरों में दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के पश्चात सामाजिक संगठनों की झांकियों के आने का क्रम प्रारंभ हो गया। पूर्ण सुसज्जित झांकियों को क्रमांक आवंटित किए गए। शोभायात्रा में सबसे आगे विशाल भगवा ध्वज एवं वीर महापुरुषों की वेशभूषा में घुड़सवार युवक शामिल रहे। हिन्दू उत्सव समिति की भगवा ध्वजवाहिनी के पश्चात भारत माता के भव्य रथ शोभायात्रा की शुरुआत में रहे। इसके पश्चात विश्व हिंदू परिषद के विभिन्न प्रखंडों से आए श्री राम जी की प्रतिमा एवं उनके साथ युवाओं की टोली श्री रामजी की जयकारा करते हुए शामिल रहे। इसके पश्चात मातृशक्ति, संगीत रथ, प्रबुद्ध जन, संत, पुरोहित, अर्चक दल शोभायात्रा में चल रहे थे। श्री रामजी के रथ पर वैश्य महासम्मेलन द्वारा पुष्परथ से लगातार पुष्पवर्षा की जाती रही। थ्री व्हीलर में दिव्यांग वाहिनी एवं स्केटिंग करते हुए युवाओं की टीम समाज में समभाव का संदेश दे रहे थे।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

शोभायात्रा के दौरान स्वागत करने वालों में रमेश जैन, संयोजक कमलजीत सिंह सेठी ,जितेंद्र जैन, संयोजन मंडल सदस्य उत्तम बनर्जी, योगेश ताम्रकार रामावतार चम?िया, हेमचंद्र जायसवाल, लखनलाल केशरवानी, चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,अशोक अग्रवाल, मनोहर डिग्वानी, हरिओम गुप्ता, नरेंद्र चंद्र गुप्ता, विपिन सिंह,चांदनी श्रीवास्तव ,जान्हवी त्रिपाठी , राकेश रैकवार,, राजेश मेहता, बलराम शुक्ला, विजय गुप्ता बलराम गुप्ता, जितिन यादव, विष्णु गुप्ता, रामचरण गुप्ता सहित आयोजन समिति के समस्त सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक मातृशक्ति शामिल रहे।

### पुलिस प्रशासन की रही चाकचौबंद व्यवस्था

विगत कुछ वर्षों में नगर में दशहरा का रूप ले चुकी श्री रामनवमी शोभा यात्रा के चल समारोह में पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन और नगर निगम ने पूरी ताकत झोंक दी। हर चौराहे पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ-साथ मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई। नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान सहित सिटी कोतवाली टीआई राघवेंद्र द्विवेदी अधिकारियों सहित पूरे शोभायात्रा मार्ग में लगातार व्यवस्था में लगे रहे। प्रशासन द्वारा शोभायात्रा मार्ग में ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी गई।



# ट्रांसफॉर्मर की चिंगारी से गेहूं की फसल खाक

## अतरोरा कला-करहिया कला में कई एकड़ फसल प्रभावित

**नवभारत न्यूज**

**सतना। जिले की नागौद तहसील अंतर्गत अतरोरा कला और करहिया कला गांवों में शुक्रवार दोपहर आग लगने से गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार खेत में लगे ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण आग भड़की, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ।**

आग लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बोरी, झाड़-झंखाड़ व अन्य स्थानीय साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। स्थिति गंभीर होने पर नागौद से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कई एकड़ में फैली गेहूं की पकी फसल जलकर राख हो चुकी थी। बताया गया कि किसान राजा भैया पटेल के खेत में सबसे अधिक नुकसान हुआ, जहां करीब 100 क्विंटल गेहूं नष्ट हो गया। अन्य किसानों की फसलें भी आग की चपेट में आई हैं।

### नियमित जांच की मांग

घटना की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई । बताया गया कि सर्वे कटे हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रभावित किसानों को जल्द राहत मिलने की संभावना जताई गई है। इसी कड़ी में ग्रामीणों ने प्रशासन से ट्रांसफार्मरों की नियमित जांच और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# शोभायात्रा का स्वागत कर यात्रा में शामिल हुए

**सतना 27 मार्च।** श्री रामनवमी के अवसर पर शहर में आज निकाली गई भगवान श्री राम की शोभायात्रा का समाजसेवी मनीष तिवारी के नेतृत्व में भावभीना स्वागत किया गया, तत्पश्चात सभी यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा कि इस वर्ष की रामनवमी शोभायात्रा ऐतिहासिक रही, इसमें सभी जाति,वर्ग और संप्रदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और शोभा यात्रा का मार्ग में शहर वासियों ने हर जगह भव्य स्वागत किया।

# शासकीय नाले को मिट्टी से पाटकर बन रहे भवन पर चला बुलडोजर

- नशे के तस्करी के लिए कुख्यात जस्सा के परिवार के अवैध निर्माण पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 27 मार्च. कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देश पर कुख्यात गांजा, शराब एवं मेडिकल नशा तस्कर अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा के परिवार के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर प्रशासन को चुनौती देने के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई कर करोड़ों की सरकारी जमीन मुक्त कराई गई।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार तस्कर जस्सा के छोटे भाई की बहु माधुरी जायसवाल ग्राम पंचायत पिथौराबाद की सरपंच है। इसके रसूख के चलते प्रदीप जायसवाल उर्फ कल्लू द्वारा नागौद उचेहरा मुख्य मार्ग पर बिजली विभाग के सबस्टेशन के बगल में सरकारी नाले को मिट्टी से पाट कर बिल्डिंग बनाई जा रही थी। जहां 1 अप्रैल से शराब दुकान खोलने करीब 60 प्रतिशत काम तेजी से किया जा चुका था। इसके पूर्व ही प्रशासन ने सख्ती दिखाते इस अवैध निर्माण को बुलडोजर से पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान उचेहरा एसडीएम सुमेश द्विवेदी,तहसीलदार ज्योति पटेल,राजस्व निरीक्षक प्रमोद पटेलपटवारी चुन्नीलाल प्रजापति सहित राजस्व टीम और पोड़ी चौकी और नागौद थाना से पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### बार- बार मिल रही चुनौती

बताया गया कि शासकीय भूमि पर बड़े पैमाने में किया जा रहा अतिक्रमण 2020 में जस्सा के बड़े साम्राज्य का हिस्सा रही। हालांकि उस दौरान हुई कार्रवाई के जरिए निर्माण को ध्वस्त किया गया था। उक्त कार्रवाई अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा के यहां ड्रमों में पॉवर प्रूफ एल्कोहल पकड़े जाने, 2 करोड़ 12 लाख रुपये की नगदी, चार लग्जरी वाहन ,पिस्तौल ,रिवाल्वर और साढ़े 9 लाख रुपये के मूल्य का गांजा भी बरामद होने के बाद की गई थी। लेखी इसके बाद भी कई बार प्रशासन को चुनौती देकर बार बार निर्माण किया जाता रहा। हालांकि जिला प्रशासन ने साफ किया है कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को कतई बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

# सड़क पर मौजूद खंभे से टकराई मोटर साइकिल

- गंभीर तौर घायल युवक का अस्पताल में उपचार जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 27 मार्च. कोलगवां थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना उतैली रोड पर हुई, जहां बाइक सड़क के बीच में गड़े बिजली के खंभे से टकरा गई। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान 27 वर्षीय शिवम प्रजापति पिता रामधनी प्रजापति के रूप में हुई। शिवम सतना से अपने गांव सिजहटा जा रहा था। यादव धर्मकांटा के पीछे उतैली मोहल्ले को जाने वाली सड़क पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकराई। दुर्घटना में शिवम के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एंबुलेंस बुलाकर शिवम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश देखा गया।

### स्थानीय रहवासी हुए आक्रोशित

स्थानीय लोगों के अनुसार, रीवा रोड से उतैली मोहल्ले को जोड़ने वाली इस सड़क के बीच में यह बिजली का खंभा काफी समय से गड़ा हुआ है। सड़क निर्माण के समय भी लोगों ने प्रशासन से इस खंभे को हटाने की मांग की थी, लेकिन इसे हटाया नहीं गया। कई बार सोशल मीडिया के माध्यम से भी सक्षम अधिकारियों का ध्यान इस खतरनाक खंभे की ओर खींचा गया था। इसके बावजूद, प्रशासन ने इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसका खामियाजा अब शिवम प्रजापति को भुगतना पड़ा है।

## एक नजर में



### स्वागत करने वालों में सांसद शामिल

सतना। हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा राम नवमी के अवसर पर शहर में निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा की तैयारियों का सतना सांसद गणेश सिंह ने जायजा लिया। सांसद ने शोभा यात्रा के आयोजन से पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों एवं संबंधित लोगों से चर्चा कर आयोजन को सफल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान सांसद ने सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही।



### आईबीएम राष्ट्रीय हैकाथॉन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सतना।** मध्य भारत के उभरते तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए ए.के.एस. विश्वविद्यालय के छात्रों ने आई बी एम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को रेखांकित करती है, यह नवाचार आधारित तकनीकी शिक्षा की प्रभावशीलता को भी दर्शाती है ।यह द्विदिवसीय प्रतियोगिता 23ङ्ग24 मार्च को औरों यूनिवर्सिटी सूरत में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से चयनित 150 टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने वेब विकास (वेब निर्माण), डेटा दृश्यांकन (आँकड़ा दृश्य प्रस्तुति) तथा डिजिटल समाधान निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया।

### मुख्यमंत्री निवास पर होगी महिला पंचायत

सतना. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के जन्म दिवस के मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से भव्य स्वागत किया गया उन्हें महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, महामंत्री डॉ स्वप्ना वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी ने शॉल भेंट किया साथ ही रक्षा कवच के तौर पर रुमाल सौपे। मुख्यमंत्री को सौंपे गए शॉल में प्रदेश के सभी 55 जिलों के स्थलों का प्रदर्शन किया गया था और यह राज्य की सभी महिलाओं की ओर से दिया गया उपहार था।



### राजेन्द्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने

**सतना.** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्षों की सूची जारी दाहिया समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र दाहिया को अनुसूचित जाति मोर्चा जिला सतना का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है।



# डॉ. त्रिपाठी ने भारतीय ज्ञान परंपरा और ज्योतिष पर दिया व्याख्यान

**नवभारत न्यूज**

**सतना,27 मार्च. शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (क्र्स्ट्हृश्व) के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे भोज सम्मान से सम्मानित प्रख्यात कथाव्यास एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. निलिम्प त्रिपाठी ने भारतीय मनीषा और विज्ञान के अंतर्संबंधों पर विस्तृत प्रकाश डाला।**

अपने संबोधन में डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक अत्यंत उन्नत और तार्किक जीवन पद्धति है। उन्होंने ज्योतिष शास्त्र को %वेदां चक्षु% (वेदों की आंखें) बताते हुए कहा कि प्राचीन भारतीय ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व ग्रहों की चाल, ग्रहण और खगोलीय घटनाओं की जो गणना की थी, वह आज के आधुनिक विज्ञान के मापदंडों पर भी खरी उतरती है। ज्योतिष और समय गणना-डॉ. त्रिपाठी ने समझाया कि भारतीय काल गणना (स्ड्डह्ल4ह्वद्द ह्लश्च ट्टड्डद्ब4ह्वद्द) ब्रह्मांड की विशालता को समझने का सबसे सटीक माध्यम है। उन्होंने सूर्य और चंद्रमा के मानव मस्तिष्क पर प?ने वाले प्रभावों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से रेखांकित किया।

आयुर्वेद और ज्योतिष का संबंध- उन्होंने बताया कि कैसे हमारे ऋषियों ने ग्रहों की स्थिति के आधार पर औषधियों के चयन और स्वास्थ्य की रक्षा के सूत्र दिए थे। मुख्य अतिथि ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे अपनी जड़ों से जुड़ें। उन्होंने कहा,बिना अपनी संस्कृति और प्राचीन विज्ञान को समझे, हम वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान को पूर्णता नहीं दे सकते।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश चन्द्र राय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम और शिक्षण का हिस्सा बनाना समय की मांग है। उन्होंने डॉ. त्रिपाठी के ज्ञान और उनकी सरल व्याख्या शैली की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# शांति और समृद्धि के लिए राम के आदर्श पर चलना होगा : मुनि समता सागर

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 27 मार्च. नेमीश्वर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ दिगंबर जैन मंदिर में विद्या सागर जी महामुनिराज से दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महामुनिराज ने दोपहर में सर्वधर्म सभा को संबोधित किया.**



उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के ऊपर पूज्य मुनि श्री समता सागर जी ने कहा कि भगवान राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है हर परिस्थिति में हमें कैसे निर्णय लेना है यह हमें भगवान राम से सीखना चाहिए किसी भी देश की समाज की व्यक्ति की उन्नति के लिए भगवान राम का जीवन चरित्र प्रेरणादायी है अनुकरणीय है।

# किल्लत की अफवाह ने जोर पकड़ा तो पेट्रोल पंपों पर उमड़ने लगी भीड़

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 27 मार्च. घरेलू गैस की समस्या के बीच अब पेट्रो पदार्थ की किल्लत की अफवाह ने जोर पकड़ लिया है। इसका असर यह है कि शहर से लेकर गांव तक पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई है।**

नतीजतन एक ओर जहां पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल की अनुपलब्धता के चलते पेट्रोल पंप बद हो गए। तो वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े गैलन लेकर लोग पेट्रोल पंप पर पहुंचने लगे। शहर के एक पेट्रोल पंप पर गैलन लेकर पहुंचे व्यक्ति को पेट्रोल पंप कर्मियों ने जब डीजल भरना शुरू किया तो लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। पंप मालिक ने बताया कि वह उनके रेगुलर ग्राहक हैं। इस बात को लेकर उनकी बहस भी हुई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची और डिब्बा गैलन में तेल लेने पर रोक का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी। इसी कड़ी में प्रशासन द्वारा भी इस बात की सख्त चेतावनी दी गई कि यदि कोई भी पेट्रोल पंप गैलन या डिब्बा में डीजल-पेट्रोल देता पाया गया तो संबंधित व्यक्ति के साथ ही पेट्रोल पंप के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं बल्कि पेट्रोल पंपों पर लोगों की



भीड़ की वजह से विवाद की स्थिति भी बनने लगी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पेट्रोल पंप पर पहले कतार लगी हुई थी. इसी दौरान कुछ लोगों के बीच लाइन में आगे-पीछे होने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे बढ़ता गया. मौके पर मौजूद अन्य लोग तमाशबीन बने रहे, जबकि कुछ ने बीच-बचाव करने की कोशिश भी की. इतने विवाद के बावजूद मौके पर सुरक्षा के इंतजाम नजर नहीं आए. लिहाजा पेट्रोल पंपों पर उमड़ रही इस भीड़ को संभालना चुनौती बनता जा रहा है. कई जगहों पर कतारें लग रही हैं, जिससे लोगों में बेचैनी और जल्दबाजी बढ़ रही है.

### फ्यूल सप्लाई पूरी तरह सामान्य

जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों ने पेट्रोल और डीजल की कमी की बात को सिरे से खारिज किया है. अधिकारियों का कहना है कि जिले में फ्यूल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी किसी तरह की कटौती नहीं की गई है. उन्होंने साफ किया कि अफवाहों के चलते लोग अनावश्यक रूप से ज्यादा मात्रा में पेट्रोल-डीजल लेने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे दबाव बन रहा है. इसके साथ ही प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि पेट्रोल पंपों की स्टोरेज क्षमता आमतौर पर 2 से 3 दिनों की होती है और उसी हिसाब से सप्लाई चक्र चलता है. ऐसे में अचानक ज्यादा खपत होने से अस्थायी दबाव जरूर बन सकता है, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है.